**शिविर** | नि:शुल्क श्रवण क्षमता शिविर आज से शुरू, वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक की पहल

# श्रवण संबंधी समस्याओं के मरीजों को मिलेगा शिविर में लाभ







**समय रहते श्रवण संबंधी समस्याओं की पहचान कर इलाज करना है उद्देश्य**

**नवभारत,जबलपुर।** स्वर्गीय. डॉ. कैलाश नाथ मेहरा की प्रथम पुण्यतिथि के पावन अवसर पर वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक प्रा. लि. द्वारा से दो दिवसीय नि:शुल्क श्रवण क्षमता जाँच एवं विशेषज्ञ परामर्श शिविर का शुभारंभ 1 अगस्त से किया जा रहा है। शिविर 1 और दो अगस्त को चलेगा। क्लिनिक की डायरेक्टर डॉ. सोनल मेहरा ने नवभारत को बताया कि स्वर्गीय. डॉ. कैलाश नाथ मेहरा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित इस शिविर का उद्देश्य शिशुओं, बच्चों, युवाओं, वयस्कों एवं वरिष्ठ नागरिकों में श्रवण संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान कर उन्हें उचित परामर्श, उपचार एवं श्रवण पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि समय पर श्रवण जाँच से न केवल सुनने की क्षमता को सुरक्षित रखा जा सकता है, बल्कि भविष्य में होने वाली गंभीर समस्याओं से भी बचाव संभव है। डॉ.सोनल मेहरा के अनुसार शिविर में चीफ ऑडियोलॉजिस्ट विशाल मेहरा एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा अत्याधुनिक तकनीक एवं विश्वस्तरीय उपकरणों की सहायता से श्रवण परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### इन तकनीकों का किया जाएगा प्रयोग

इस अवसर पर चीफ ऑडियोलॉजिस्ट विशाल मेहरा ने बताया कि शिविर में इंटेराकौसटिक्स एसी 40 ई ऑडियोमीटर, एमआई-24 इम्पीडेंस ऑडियोमीटर,आईएचएस एआरआईए बीईआरए एवं टिनिटस सिस्टम, टिनिटस स्टेशन तथा रियल इयर मेजरमेंट आरईएम जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग अत्याधुनिक साउंड-प्रूफ चैम्बर में किया जाएगा। इन परीक्षणों के माध्यम से मिडिल ईयर एवं इनर ईयर की कार्यक्षमता का वैज्ञानिक मूल्यांकन कर श्रवण क्षति का सटीक निदान किया जाएगा तथा आवश्यकता अनुसार उचित चिकित्सा, श्रवण पुनर्वास एवं विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।

### एडवांस वर्टिगो लैब की भी सुविधा उपलब्ध

डॉ. सोनल मेहरा ने आगे बताया कि वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक में एडवांस्ड वर्टिगो एवं टिनिटस लैब की सुविधा भी उपलब्ध है, जहाँ चक्कर (वर्टिगो) एवं कानों में लगातार आवाज़ (टिनीटस) से पीड़ित मरीजों की आधुनिक परीक्षणों द्वारा जाँच एवं उपचार किया जाता है। शिविर के दौरान आवश्यकता अनुसार उच्च गुणवत्ता वाली डिजिटल रिचार्जेबल हियरिंग एड्स भी विशेष रियायती दरों पर उपलब्ध रहेंगी। शिविर में चीफ ऑडियोलॉजिस्ट विशाल मेहरा के साथ ऑडियोलॉजिस्ट मेधा साहू, आयुष दुबे, अनूप द्विवेदी, शिवम जोशी, सियाराम पाल एवं सुमन राज भी अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे तथा हितग्राहियों का परीक्षण एवं विशेषज्ञ परामर्श देंगे। क्लिनिक द्वारा सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे शिविर में आने से पूर्व पूर्व पंजीकरण प्री रजिस्ट्रेशन अवश्य कराएँ तथा यदि पूर्व में कोई श्रवण जाँच अथवा उपचार संबंधी रिपोर्ट उपलब्ध हो तो उसे साथ लेकर आएँ, जिससे अधिक सटीक एवं प्रभावी परामर्श दिया जा सके।

# 4 बच्चों का फिर से खिल उठेगा बचपन

**गैलेक्सी मल्टीस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में 4 बच्चों के दिल की नि:शुल्क वीएसडी सर्जरी**

**दिल में छेद के चलते कर रहे थे तकलीफों का सामना अभिभावकों ने जताया आभार**



**नवभारत,जबलपुर।** बच्चों की हृदय संबंधित समस्याएं काफी जटिल होती हैं। इनके निवारण के लिए न सिर्फ विशेषज्ञता की आवश्यकता है बल्कि बड़ी सर्जरी में ओटी में विशेष इंतजाम व सावधानी भी रखनी होती है। ऐसे में उखरी रोड स्थित गैलेक्सी मल्टीस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल ने 4 बच्चों की वीएसडी सर्जरी नि:शुल्क करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उल्लेखनीय है कि वीएसडी यानी वेंट्रिकुलर सेप्टल डिफेक्ट दिल के निचले चैंबरों (कमरों) को अलग करने वाली दीवार में एक छेद होता है। यह एक जन्मजात बीमारी है, हॉस्पिटल से जुड़े विशेषज्ञों ने बताया कि इसके चलते बच्चों में सांस तेज चलना या भारी होना, सांस लेने में तकलीफ, दूध पीते समय पसीना आना या रोना, वजन न बढ़ना या धीमा विकास होना जैसे लक्षण दिखते हैं। यह तब होता है जब गर्भावस्था के दौरान दिल की दीवार पूरी तरह से नहीं बन पाती है।

### इन बच्चों की हुई सफल सर्जरी

दिल के बड़े छेदों को बंद करने के लिए सर्जरी या डिवाइस (छतरी) लगाने की आवश्यकता होती है। ऐसे में गैलेक्सी हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने विशेष चिकित्सा पद्धति बच्चों के इलाज के लिए अपनाई। इनमें 5 वर्षीय बेबी तन्वी की सर्जरी वीएसडी क्लोजर एमवी प्रोसिजर से की गई, वहीं 5 वर्षीय बेबी लक्ष्मी, 13 माह के मास्टर आरव, 5 वर्षीय मास्टर साहिल के लिए वीएसडी क्लोजर प्रोसिजर अपनाई गई। सर्जरी के बाद बच्चे स्वस्थ हैं, अभिभावकों ने चिकित्सकों से कहा कि अब उनके बच्चे भी आम बच्चों की तरह अपना बचपन जी पाएंगे, इसके लिए 'दिल' से आपका धन्यवाद। यह सर्जरी आरबीएसके यानी राष्ट्रीय बाल विकास कार्यक्रम के तहत नि:शुल्क की गई।

### इन डॉक्टर्स ने की सर्जरी

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.अखिलेश दुबे, हृदय शल्य चिकित्सक डॉ.प्रदीप सागवान , निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. श्रीधर की टीम ने सर्जरी सफलतापूर्वक पूर्ण की।

## मिलन अमृत महोत्सव में बहेगी गीत-संगीत की रसधारा, 75 कलाकार देंगे प्रस्तुति

**नवभारत, जबलपुर।** मिलन' संस्था के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित अमृत महोत्सव की श्रृंखला के अंतर्गत 2 अगस्त को सुबह 11 बजे से कला वीथिका (भंवरताल गार्डन) में 'गीत-संगीत रसवर्षा' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जबलपुर, मंडला सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए 75 गायक-कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम तीन सत्रों में आयोजित होगा। जिसमें प्रथम सत्र में भजन, द्वितीय सत्र में लोकगीत तथा तृतीय सत्र में गीत एवं गजल की प्रस्तुतियां होंगी। नौ वर्ष से लेकर 80 वर्ष तक के कलाकार मंच साझा करेंगे, जो आयोजन की विशेषता होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामहोपाध्याय आचार्य पं. डॉ. हरिशंकर दुबे करेंगे, मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप दुबे और विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज उपस्थित रहेंगे।

### एक नजर में



### लोकमान्य तिलक की पुण्यतिथि पर आज श्रद्धांजलि सभा

**नवभारत, जबलपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ संगठन, शहर कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई सहित सभी ब्लॉक कमेटी, वार्ड, मंडल एवं समस्त प्रकोष्ठों के संयुक्त तत्वावधान में आज 1 अगस्त सुबह 10 बजे जवाहरगंज वार्ड स्थित लोकमान्य तिलक भूमि, तलैया में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर लोकमान्य तिलक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी तथा राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया जाएगा। इस आयोजन में प्रमुख वक्ता के रूप में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, सेवादल संगठन अध्यक्ष पं. सतीश तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश यादव, शहर जिला स्वतंत्रता सेनानी संगठन अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। सभी कांग्रेसजनों एवं आम नागरिकों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

## मुख्य स्टेशन में चलाया गया जागरूकता अभियान

**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) थाना जबलपुर द्वारा 31 जुलाई शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मानव तस्करी के विरुद्ध जागरुकता अभियान चलाया यह जागरुकता अभियान पुलिस अधीक्षक रेल के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक रेल अंकिता सूल्या के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जीआरपी जबलपुर के द्वारा चलाया गया। अभियान के दौरान यात्रियों, महिलाओं एवं बच्चों को मानव तस्करी के संबंध में जागरूक करते हुए बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के बहकावे में न आएं, नौकरी, विवाह अथवा अन्य प्रलोभनों के नाम पर दिए जाने वाले झूठे आश्वासनों से सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना



तत्काल जीआरपी, आरपीएफ अथवा पुलिस को दें। साथ ही बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा के प्रति सजग रहने तथा मानव तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक बुराई की रोकथाम में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई ।जीआरपी जबलपुर द्वारा समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को सुरक्षा के प्रति सचेत किया जा रहा है, ताकि मानव तस्करी जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। इस जनजागरूकता अभियान में थाना जीआरपी जबलपुर के एएसआई गोपाल सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक संतोष, प्रधान आरक्षक कमलभान एवं महिला आरक्षक मनीषा, लेखकुमारी उपस्थित रहीं।

## डॉ . अतुल श्रीवास्तव,डॉ . आरपी जायसवाल और राजेंद्र रावत सेवानिवृत्त

**नवभारत,जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव अपनी कई वर्षों की सेवाकाल पूर्ण कर शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। डॉ. श्रीवास्तव की सेवानिवृत्ति पर आयोजित अभिनंदन समारोह में कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे और कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन सहित अधिकारियों, प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने शाल, श्रीफल, मोमेंटो व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। शिक्षा, शोध और अनुसंधान में अद्वितीय योगदान देने वाले डॉ. श्रीवास्तव ने 20 वर्ष विभागाध्यक्ष, 6 वर्ष अधिष्ठाता तथा विद्वत व प्रशासनिक परिषद



डॉ. अतुल श्रीवास्तव | राजेन्द्र प्रसाद रावत | डॉ. आर.पी. जायसवाल

सदस्य के रूप में सेवाएं दीं।

इसी क्रम में कृषि महाविद्यालय के उद्यान शास्त्र विभाग के प्रक्षेत्र विस्तार अधिकारी डॉ. राम प्रताप जयसवाल मुरैना, सीधी और जबलपुर में 41 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। उनकी सेवानिवृत्ति पर अधिष्ठाता डॉ. स्वाती बारचे, डीन डॉ. अल्पना सिंह एवं स्टाफ ने फूल माला, गुलदस्ता और मोमेंटो देकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। साथ ही, कृषि महाविद्यालय छात्रावास से 49 वर्षों की सेवा पूर्ण कर राजेंद्र प्रसाद रावत भी सेवानिवृत्त हुए, जिन्होंने पूरी ईमानदारी व लगन से छात्रों की समस्याओं का हमेशा समाधान किया। विश्वविद्यालय परिवार ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## 24 रेल कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई



**नवभभारत,जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में जुलाई के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले 24 रेल कर्मचारियों के सम्मान में शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में सामान्य सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति संबंधी आवश्यक दस्तावेज सौंपे और भारतीय रेल के प्रति उनकी वर्षों की निष्ठापूर्ण एवं समर्पित सेवाओं की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जुलाई माह में सेवानिवृत्त होने वालों में अयोध्या प्रसाद चढार, मदन सिंह धुर्वे, देवव्रत सरकार, प्रमेंद्र कुमार शर्मा, बिनोद कुमार प्रसाद, रविशंकर चौबे और सुरेश कुमार रजक सहित कुल 24 कर्मचारी शामिल रहे।

### उत्तम स्वास्थ की कामना की

समारोह में सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को रेल प्रशासन की ओर से सम्मानपूर्वक विदाई दी गई तथा उनके सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान नियमानुसार एनईएफटी के माध्यम से सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कार्मिक एवं लेखा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जबलपुर मंडल रेल प्रशासन ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हुए भारतीय रेल के प्रति उनके अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

## सेंट एलॉयसियस स्कूल में नई छात्र परिषद ने ली शपथ

**छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य से नेतृत्व, अनुशासन और टीम भावना जैसे मूल्यों का प्रदर्शन किया**

**नवभारत, जबलपुर।** सेंट एलॉयसियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रिमझा में शपथ ग्रहण समारोह उत्साह, गरिमा एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। यह अवसर विद्यालय के रजत जयंती वर्ष के शुभारंभ का ऐतिहासिक क्षण बना। समारोह में मुख्य अतिथि बिशप डॉ. जे. जी. वल्लन अरासु, विशिष्ट अतिथि बिशप एमेरिटस जेराल्ड अल्मेडा, फादर जॉर्ज पी. ए., प्राचार्य फादर सोमी जैकब, उप-प्राचार्या रचना आहुजा और कार्यक्रम प्रभारी रोनाल्ड नारायण उपस्थित रहे। इस मौके पर अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत के बाद छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य से नेतृत्व, अनुशासन और टीम भावना जैसे मूल्यों का प्रदर्शन किया। इस दौरान सत्र 2026-27 की नवनिर्वाचित छात्र परिषद में श्रद्धा नेमा ने स्कूल कैप्टन, नंदिश पांडेय ने वाइस कैप्टन और अनन्या कोष्टा ने स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में शपथ ली, जिन्हें अतिथियों ने बैज और विद्यालय ध्वज सौंपकर जिम्मेदारी दी।

### वार्षिक पत्रिका इन्विक्टस का हुआ विमोचन

इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'इन्विक्टस 2026-27' का विमोचन मुख्य अतिथि बिशप डॉ. जे. जी. वालन अरासु ने किया, जिसमें छात्र-शिक्षकों की रचनात्मक उपलब्धियों का संकलन है। प्राचार्य फादर सोमी जैकब ने नवनिर्वाचित छात्र-नेताओं को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के आदर्शों पर चलने और दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बनने को कहा। उत्साह और गरिमा से परिपूर्ण यह आयोजन रजत जयंती वर्ष की गौरवपूर्ण शुरुआत बना, जिसका समापन इस विचार के साथ हुआ कि सच्चा नेता वही है जो मार्ग जानता है, उस पर चलता है और दूसरों को प्रेरित करता है।

**नई उड़ान** | कौशल विकास को मिलेगी नई उड़ान, उद्योगों की जरूरत के अनुरूप तैयार होंगे कुशल युवा

# ड्रोन उड़ाएंगे, ईवी और सोलर तकनीक सीखेंगे युवा

**नवभारत,जबलपुर।** जिले के युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़कर रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में जिला स्तरीय कौशल समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आईटीआई में ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) टेक्नीशियन और सोलर टेक्नीशियन ट्रेड शुरू करने के साथ 30 युवाओं को ड्रोन पायलट प्रशिक्षण देने की योजना पर जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप आईटीआई में नए तकनीकी ट्रेड शुरू किए



जा रहे हैं। इस सत्र से ईवी टेक्नीशियन और सोलर टेक्नीशियन ट्रेड प्रारंभ हो चुके हैं, जिससे युवाओं को उभरते क्षेत्रों में रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

### 30 युवाओं को दिया जाए विशेष प्रशिक्षण

कलेक्टर ने निर्देश दिए की चयनित 30 युवाओं को ड्रोन पायलट का विशेष प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि भविष्य में कृषि, राजस्व और अन्य विभागों में उनकी सेवाओं का उपयोग किया जा सके, इस दौरान कलेक्टर ने विकासखंड स्तरीय आईटीआई में आधुनिक मशीनरी, उपकरण और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में स्थानीय उद्योगों में आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए प्लेसमेंट ड्राइव और रोजगार मेलों के आयोजन, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना का दायरा बढ़ाने तथा अधिक से अधिक उद्योगों और युवाओं को इससे जोड़ने पर भी जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष कार्यालय में आयोजित हुई बैठक में कार्यकारी संचालक एमपीआईडीसी अनिल राठौर, उद्योग प्रतिनिधि हिमांशु खरे, आईएमसी चेयरमैन मनीष पटेल, संयुक्त संचालक कौशल विकास डॉ. अर्पित शुक्ला, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बृजेश मिश्रा, प्राचार्य आईटीआई अमित आढ्या सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## महिलाओं की प्रतिभा और उद्यमिता को मिला मंच

**नवभारत,जबलपुर।** श्रावण मास की पारंपरिक संस्कृति और उत्साह को जीवंत करते हुए डैज़लिंग दिवाज़ क्लब द्वारा सावन महोत्सव का शानदार रंगा रंग आयोजन किया गया। हरे रंग की पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण सावनमय हो उठा।

कार्यक्रम में महिलाओं ने घूमर और अन्य लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कोरियोग्राफर गरिमा और उनकी टीम द्वारा दी गई प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर पर राखी, ज्वेलरी और गिफ्ट आइटम के स्टॉल लगाए गए, जहां महिलाओं ने उत्साहपूर्वक खरीदारी की। सावन थीम पर आधारित गेम्स और हाउजी प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रहीं। क्लब की अध्यक्ष प्रियंका कलचुरी अग्रवाल ने कहा की ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति और पारंपरिक त्यौहारों को जीवंत बनाए रखने के साथ महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने, अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने करने के साथ ही महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन देने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा की क्लब समय-समय पर सामाजिक, सांस्कृतिक और जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित करता है।